Brain International School
Vikas Puri, New Delhi

## अभ्यास पत्र - 3

**विषय - हिंदी** **कक्षा - आठवीं** **जुलाई - 2025**

**प्रश्न 1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकारों, स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक बनाना। जब महिलाएँ शिक्षा, रोजगार, निर्णय लेने की क्षमता और सामाजिक समानता में भाग लेती हैं तब एक सशक्त समाज की नींव रखी जाती है। एक समय था जब महिलाओं को केवल घर तक सीमित समझा जाता था परंतु आज महिलाएँ विज्ञान, राजनीति, खेल, शिक्षा और व्यवसाय के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। सरकार और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा चलाई जा रही योजनाएँ जैसे 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ', 'उज्ज्वला योजना' और 'सुकन्या समृद्धि योजना' आदि महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्त्वपूर्ण कदम हैं। यदि हम वास्तव में एक समान और समृद्ध समाज की कल्पना करते हैं तो हमें महिलाओं को अवसर, सम्मान और समर्थन देना होगा। महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का नहीं बल्कि पूरे राष्ट्र के विकास का प्रतीक है।

क) महिला सशक्तिकरण का क्या अर्थ है?

(i) महिलाओं को घर में रखना

(ii) महिलाओं को शिक्षा और अधिकारों से वंचित करना

(iii) महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाना

(iv) महिलाओं को कमजोर समझना

ख) महिलाएँ किन-किन क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं?

(i) केवल घरेलू कामों में

(ii) केवल राजनीति में

(iii) केवल शिक्षा में

(iv) विज्ञान, राजनीति, खेल, शिक्षा, व्यवसाय आदि में

ग) 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना का उद्देश्य क्या है?

(i) लड़कों को प्रोत्साहन देना

(ii) लड़कियों को शिक्षा और सुरक्षा देना

(iii) बच्चों को खेल सिखाना

(iv) बुजुर्गों की सेवा करना

घ) महिला सशक्तिकरण क्यों आवश्यक है?

ङ) इस गद्यांश के लिए एक उपयुक्त शीर्षक लिखिए।

## व्याकरण

**प्रश्न 1. दिए गए वाक्यों में रेखांकित कारक भेद पहचानिए।**

क) राम ने <u>सीता को</u> फूल दिया।

ख) राम <u>गाँव से</u> शहर गया।

ग) <u>मोहन के लिए</u> उपहार लाया गया।

घ) बच्चे <u>स्कूल में</u> पढ़ रहे हैं।

**प्रश्न 2. दिए गए वाक्यों में सर्वनाम शब्दों को रेखांकित करके भेद भी लिखिए।**

क) वह हर दिन सुबह दौड़ता है।

ख) यह मेरी पुस्तक है।

ग) मैं स्वयं स्कूल गया।

घ) तुम कहाँ जा रहे हो?

**प्रश्न 3. दिए गए वाक्यों में विशेषण शब्दों को रेखांकित करके भेद बताइए।**

(क) सुंदर फूल बग़ीचे में खिले हैं।

(ख) लंबा लड़का सबसे तेज़ दौड़ा।

(ग) मीठा आम सबको पसंद आता है।

(घ) पुरानी किताबें अलमारी में रखी हैं।

**प्रश्न 4. दिए गए वाक्यों में कर्म के आधार पर क्रिया भेद बताइए।**

(क) वह रोज़ गाना गाता है।

(ख) बच्चों ने होमवर्क किया।

(ग) मैं हँस रहा हूँ।

(घ) गाय खेत में घास खा रही है।

## पाठ्यपुस्तक

**भगवान के डाकिए**

क) भगवान के डाकिए क्या संदेश देना चाहते हैं?

ख) भगवान के डाकियों का एक महादेश से दूसरे महादेश तक जाना किस ओर संकेत करता है?

**क्या निराश हुआ जाए**

क) लेखक ने लेख का शीर्षक 'क्या निराश हुआ जाए' क्यों रखा होगा? क्या आप इससे भी बेहतर शीर्षक सुझा सकते हैं?

ख) 'आदर्शों की बातें करना तो बहुत आसान है पर उन पर चलना बहुत कठिन है।' क्या आप इस बात से सहमत हैं? तर्क सहित उत्तर दीजिए।

**रचनात्मक लेखन**

क) **'नारी शिक्षा'** विषय पर लगभग 40- 50 शब्दों में नारा लिखिए।

ख) विद्यालय में वार्षिकोत्सव के अवसर पर दो मित्रों के बीच हुई बातचीत को लगभग 60-80 शब्दों में संवाद रूप में लिखिए।